Printed Pages – 4

I-94

B.A. (Part-III) Examination, 2020

HINDI SAHITYA

Paper - I

जनपदीय भाषा-साहित्य (छत्तीसगढ़ी)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 25

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं। प्रश्नों के समक्ष अंक प्रदर्शित हैं।

Q. 1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **7×3=21**

(क) गुरु पइंया लागवं नाम लखा दीजो हो।
जनम-जनम का सोया मनुवा, सब्दन मार जगा दीजो हो।
घट अंधियार नैन नहीं सूझे, ज्ञान का दीप जगा दीजो हो।
विष की लहर उठत घट अंतर, अमृत बूंद चुवा दीजो हो।

(ख) दू हाथ बढ़ाये आघू, हो जाथे जम्मो काज रे।
बुता शुरू हो जाथे, जब ले लेथस अनताज रे।।
जांगर पेरे तो भुइयां म अनपूरना के राज रे।
माटी सोन्ना होही, पछीना, चुचवाही आज रे।।
देंह जुड़ाही झटकुन, परही जब जोरहा घाम रे।।

(ग) पीरा अपने आप टघल जाथे बेरा के ढरकत ले।
ऊंखरे हवय जमाना संगी, जे पीरा संग गा लेथे।
हिजगा पारी के बजार मां, परमारथ के मोल कहाँ।
हाँस के गुरतुर भाखा बोलय, उही परमपद ला पा लेथे।
समय पड़े हे बरु अऊ, चिक्कन कोरे गांथे बर।
चतुरा मन हा ठंउका बेरा, चूंदी ला पटिया लेथे।।

(घ) दशहरा के ये सुघ्घर तिथि आघाते च सुहावन। समे में पड़थय। ये वो समे होथे जब बरसा रितु के धड़धड़ात गरजन, शरद रितु के डर से डर मं भागय लगथय। अकास सुच्च अऊ मौसम सुखत होथय। मारग बिन पाखी के हो जाथे, लेक जेखर ले यात्रा करयिन व्यापारी मन ल जातरा करे में अड़चन नहीं परय। नवा व्यापारी मन के उखर धंधा कारोबार के सिरी गनेश यही शुभ वेला में होथय। खेतिहर किसान अपन खेत मं बिजहा बोये के काम यही दिना ते सुरू कर देथय।

Q. 2. छत्तीसगढ़ी गद्य का विस्तार से परिचय दीजिए। **12×1=12**

अथवा

छत्तीसगढ़ी भाषा का व्याकरण सहित परिचय दीजिए।

Q. 3. संत धर्मदास के काव्य की विशेषतायें लिखिए। **12×1=12**

अथवा

'चंदैनी गोंदा' का उद्देश्य बताइये।

Q. 4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5×3=15**

(i) संत काव्य में गुरु महिमा का वर्णन कीजिए।

(ii) पं0 सुंदरलाल शर्मा का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(iii) 'एक किसिम के नियाव' कविता का भाव पक्ष स्पष्ट कीजिए।

(iv) 'सीख-सीख के गोठ' पाठ का उद्देश्य बताइये।

Q. 5. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए (कोई पन्द्रह) : **15×1=15**

(1) पंडवानी की किसी एक गायन शैली का नाम बताएँ।

(2) छत्तीसगढ़ नामकरण किस रचना में सर्वप्रथम मिलता है ?

(3) 'दसना' का हिन्दी में क्या अर्थ होगा ?

(4) 'कारी' नाटक के निर्देशक का नाम बताइये।

(5) 'आवा' किसकी रचना है ?

(6) 'हलबी' बोली किस क्षेत्र में बोली जाती है ?

(7) 'अरोना' शब्द का क्या अर्थ होता है ?

(8) मस्तूरी गाँव से किस कवि का सम्बन्ध है ?

(9) छत्तीसगढ़ का राजकीय गीत क्या है ?

Scanned by CamScanner

(10) धर्मदास की एक रचना का नाम लिखिए।

(11) छत्तीसगढ़ी के वीरगाथा काल में से प्रेम प्रधान गाथा का नाम लिखिए।

(12) 'छत्तीसगढ़ी सुराज' की रचना किसने की है ?

(13) 'जम्मो' शब्द का एकवचन लिखिए।

(14) 'तैं उठयस सुरुज उथे' किसने लिखी है ?

(15) 'कनिहा' शब्द का हिंदी रूप लिखिए।

(16) कपिलनाथ कश्यप को कौन सा सम्मान प्रदान किया गया है ?

(17) पं0 सुंदरलाल शर्मा का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(18) 'काला सूरज' के रचयिता कौन हैं ?

Scanned by CamScanner